# मुख्य सचिव के अथक प्रयासों से और 150 ऑक्सीजन कनसेनट्रेटर उपलब्ध हुआ

## मेसर्स टीसीआई सीवेज लिमिटड ने द्वीपवासियों के लाभ के लिए इन कनसेनट्रेटरों को दान किया






पोर्ट ब्लेयर, 29 मई।

कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई के लिए तैयारियों को जारी रखते हुए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सभी स्थलों में कोविड प्रतिबंधों को लागू करने तथा कोविड देखभाल केन्द्रों के प्रबंधन के लिए विभिन्न उपाय किए हैं।

इस दिशा में चिकित्सा जरूरतों को बढ़ाने के लिए आज 150 ऑक्सीजन कनसेनट्रेटर प्राप्त हुआ है। अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव श्री जीतेन्द्र नरेन के अथक प्रयासों से मेसर्स टीसीआई सीवेज लिमिटड द्वारा द्वीपों के लोगों के लाभ के लिए इन 150 ऑक्सीजन कनसेनट्रेटरों का दान किया गया। दक्षिण अंडमान जिले के उपायुक्त श्री सुनील अंचिपाका, एसडीएम (एसए) तथा एसी (यू/टी) ने प्रशासन की ओर से इसे प्राप्त किया और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत वाले मरीजों के इलाज में उचित उपयोग के लिए चिकित्सा प्राधिकारियों को इन कनसेनट्रेटरों को सौंप दिया गया।

दक्षिण अंडमान जिले के उपायुक्त श्री सुनील अंचिपाका, एसडीएम (एसए) तथा एसी (यू/टी) ने बृंदावन गांव में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों में प्याज, आलू सहित सब्जियों के वितरण में भाग लिया। इन लोगों को राहत प्रदान करने के लिए क्षेत्र के समाज सेवकों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने अन्य नागरिक समाज के संगठनों से आगे आकर ऐसे जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आग्रह किया है।

बाद में दल ने मौजूदा स्थिति का आकलन करने के लिए विम्बर्लीगंज के कोविड देखभाल केन्द्र का दौरा किया। उपायुक्त ने वहां तैनात डॉक्टरों, अर्धचिकित्सा कर्मचारियों तथा अन्य कर्मचारियों से बातचीत की और मरीजों का कुशलक्षेम और उनके समक्ष पेश आ रहे मुद्दों के बारे में पूछा। उन्होंने मरीजों के कल्याण के लिए केन्द्र में की गयी समग्र व्यवस्था की सराहना की और मरीजों के प्रति किए जा रहे व्यापक कार्यों की दिशा में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों पर संतोष प्रकट किया।

प्राप्त विज्ञप्ति में दक्षिण अंडमान जिले के उपायुक्त ने वैश्विक महामारी से लड़ाई में लोगों से सहयोग की अपेक्षा की और उनसे आग्रह किया कि वे घर पर ही रहें और सही मायने में लॉकडाउन का पालन करें।